झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग

सं0 सं0 :–प0नि0वि0–03/से0सं0(04)–02/2019.................... राँची, दिनांक :–

प्रेषक,

ब्रज माधव,
सरकार के अवर सचिव,
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
ऑड्रे हाउस,
झारखण्ड, राँची।

विषय :– प्रेस–विज्ञप्ति प्रकाशित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक पथ निर्माण विभाग के नियंत्रणाधीन अवर अभियंत्रण संवर्ग के कनीय अभियंताओं के सेवा संपुष्टि निमित प्रेस विज्ञप्ति की हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी संलग्न करते हुए अनुरोध है कि इसका प्रकाशन लगातार दो दिनों तक बिहार एवं झारखण्ड राज्य के सभी प्रमुख दैनिक समाचार–पत्रों (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में कराने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन,

अनु0:–यथोक्त।

ह0/–
(ब्रज माधव)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक :– प0नि0वि0–03/से0सं0(04)–02/2019 2586(S) **राँची, दिनांक :–** 24/05/19

प्रतिलिपि:– प्रभारी, ई प्रोक्योरमेंट सेल, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. अनुरोध है कि कनीय अभियंताओं के सेवा संपुष्टि हेतु निर्गत पत्र को विहित प्रपत्र सहित Website:- www.jharkhand.gov.in के Road Construction Department के Notice Section पर Upload करने का कष्ट किया जाए।

अनु0:–यथोक्त।

सरकार के अवर सचिव।

झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, राँची

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ निर्माण विभाग के नियंत्रणाधीन वर्ष–2013 में नियुक्त कनीय अभियंताओं की सेवा संपुष्टि की कार्रवाई अवर अभियंत्रण संवर्ग नियमावली–2013 में प्रावधानित नियम के आलोक में विचाराधीन है।

अतः सभी कार्यपालक अभियंता/कार्यालय प्रधान से अनुरोध है कि वे अपने अधीनस्थ पदस्थापित वर्ष–2013 में नियुक्त कनीय अभियंताओं की अद्यतन सेवापुस्त (हिन्दी टिप्पण प्रारूपण परीक्षा, विकास/लेखा परीक्षा, कम्प्यूटर प्रशिक्षण संबंधी प्रविष्टि सहित) की सत्यापित छायाप्रति, HRMS में डाटा लॉक की स्थिति, PRAN No. एवं वार्षिक गोपनीय चारित्री शीघ्र विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

वर्ष–2013 में नियुक्त कनीय अभियंताओं के अतिरिक्त इसके पूर्व नियुक्त किन्हीं कनीय अभियंताओं की सेवा संपुष्टि का मामला लंबित हो, तो, तत्संबंधी प्रस्ताव सेवापुस्त एवं वांछित सूचना के साथ प्रेषित किया जाय।

तत्संबंधी सूचना Website:- www.jharkhand.gov.in के Road Construction Department के Notice Section पर भी देखा जा सकता है।

(प्रदीप कुमार मिश्र)
सरकार के संयुक्त सचिव,
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।

झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग

सं० सं० :–प०नि०वि०–03/से०सं०(04)–02/2019 2587(S)/राँची, दिनांक 24/05/19

प्रेषक,

प्रदीप कुमार मिश्र,
सरकार के संयुक्त सचिव,
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।

सेवा में,

अभियंता प्रमुख,
भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा०का०मा०), राँची।
प्रबंधक, झारखण्ड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लि०, राँची।
निदेशक (प्रशासन), बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके, राँची।
उप सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग/मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग/ग्रामीण विकास विभाग/अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग/स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग/पर्यटन विभाग/उद्योग विभाग, झारखण्ड, राँची।
सभी मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा०का०मा०), पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड।

विषय :– पथ निर्माण विभाग के नियंत्रणाधीन अवर अभियंत्रण संवर्ग के वर्ष–2013 में नियुक्त कनीय अभियंताओं की सेवा संपुष्टि के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वर्ष–2013 में नियुक्त कनीय अभियंताओं की सेवा संपुष्टि की कार्रवाई अवर अभियंत्रण संवर्ग नियमावली–2013 में प्रावधानित नियम के आलोक में प्रक्रियाधीन है।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ विभाग/कार्यालय में पदस्थापित वर्ष–2013 में नियुक्त कनीय अभियंताओं की अद्यतन सेवापुस्त (हिन्दी टिप्पण प्रारूपण परीक्षा, विकास/लेखा परीक्षा, कम्प्यूटर प्रशिक्षण संबंधी प्रविष्टि सहित) की सत्यापित छायाप्रति, HRMS में डाटा लॉक की स्थिति, PRAN No. एवं वार्षिक गोपनीय चारित्री शीघ्र विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

वर्ष–2013 में नियुक्त कनीय अभियंताओं के अतिरिक्त इसके पूर्व नियुक्त किन्हीं कनीय अभियंताओं की सेवा संपुष्टि का मामला लंबित हो, तो, तत्संबंधी प्रस्ताव सेवापुस्त एवं वांछित सूचना के साथ प्रेषित किया जाय।

विश्वासभाजन,

(प्रदीप कुमार मिश्र)
सरकार के संयुक्त सचिव।